centre of AIR catering to the needs of the North-Eastern region; and

(b) if so, whether Government propose to increase the transmitting power of the Gauhati Station for the interest and benefit of the North-Eastern Region?

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI L. K. ADVANI): (a) Gauhati Station of All India Radio is one of the main broadcasting stations catering to the needs of the North-Eastern region. This region comprises seven States/Union Territories, viz. Assam, Meghalaya, Arunachal Pradesh, Nagaland, Mizoram, Manipur and Tripura. All India Radio has broadcasting stations operating in each of these States/Union Territories at the centres indicated below:

Assam: Gauhati, Dibrugarh, Silchar.
Meghalaya: Shillong.

Arunachal Pradesh: Tezu, Passighat, Tawang.

Manipur: Imphal.

Nagaland: Kohima.

Mizoram: Aizwal.

Tripura: Agartala.

(b) There are no immediate proposals for upgrading the power of the transmitters at Gauhati.

गुजरात को सीमेंट आवंटन

*1347. **श्री धर्मसिंह भाई पटेल** : क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अप्रैल से जून की तिमाही में गुजरात राज्य को कितना (टनों में) सीमेंट आवंटित किया गया ;

(ख) इसमें से गुजरात को 31 मई, 1977 तक वास्तविक रूप में कितना सीमेंट प्राप्त हुआ ;

(ग) क्या गुजरात में सीमेंट की कमी है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं, और

(घ) क्या चालू तिमाही में गुजरात को तीन लाख मीटरी टन का अतिरिक्त कोटा आवंटित करने का विचार है ?

उद्योग मंत्री (श्री बृजलाल वर्मा) : (क) 3,07,500 मीटरी टन ।

(ख) राज्य को सम्बन्धित फैक्टरियों द्वारा 31-5-1977 तक लगभग 1,46,807 मी० टन सीमेंट भेजी गई थी ।

(ग) गुजरात राज्य से सीमेंट उपलब्ध न होने की रिपोर्टें प्राप्त हुई हैं । सीमेंट की कमी का मुख्य कारण राज्य सरकारों द्वारा बिजली में की गई कटौती के कारण सीमेंट का अपर्याप्त मात्रा में उत्पादन होना तथा सीमेंट की मांग का एकदम बढ़ जाना है ।

(घ) जी, नहीं । लेकिन राज्य को 30-6-1977 तक आवंटित मात्रा में सीमेंट की सप्लाई को सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाये गये हैं ।

पाठा खेड़ा में आपातकाल के दौरान कोयले का उत्पादन

*1348. **श्री सुभाष आहूजा** : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आपातकाल के दौरान 'पाठा खेड़ा' कोयला खान (जि० बेतूल) से कोयले के अधिक उत्पादन का उल्लेख किया गया जिसके परिणामस्वरूप जमीन के स्टाक में हजारों टन की कमी आयी ;

(ख) क्या यह कार्यवाही उच्च अधिकारियों को खुश करने के लिए की गई ;

(ग) क्या जैसे ही लोक सभा चुनाव परिणाम घोषित हुये खान के अधिकारियों ने घोषणा की कि कोयले का उत्पादन हजारों टन घट गया है ;